**Regarding renaming of roads in Lutyen Zone in Delhi.**

श्री राजकुमार चाहर **(**फतेहपुर सीकरी**) :** सभापति महोदया, भारत की राजधानी दिल्ली है और दिल्ली लोक सभा, जहां हम हैं, उसके चारों तरफ जिस रास्ते से हम निकलते हैं, वह एरिया लुटियन्स जोन कहलाता है । आज भी बाबर लेन, तुगलक रोड, अकबर रोड, हुमायूं रोड, दारा शिकोह रोड, ये अनेक प्रकार के जो मुगल आक्रांता भारत आए, उनके नाम से आज भी कांग्रेस के जमाने से रोड्स चली आ रही हैं । इनके नाम उस समय कांग्रेस की सरकार ने रखे थे ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि इन मार्गों का नाम महाराणा सांगा, पृथ्वीराज चौहान, गुरु गोविंद सिंह, महाराजा सूरजमल, गोकुला जाट, शिवाजी महाराज, हेमू विक्रमादित्य आदि जो हमारे महापुरुष हुए, हमारे पुरखे, जिन्होंने मुगलों से लड़ाइयां लड़ीं, उनके नाम से इन रास्तों के नाम रखे जाएं । इन महापुरुषों के कारण ही हम सब आज अस्तित्व में हैं । यह मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है । धन्यवाद ।